राष्ट्रीय युवा दिवस

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में 06 जनवरी, 2018 से 12 जनवरी, 2018 तक महाविद्यालय के यूथ रैड़ क्रॉस सोसायटी और रैड़ रिबन क्लब के तत्वावधान में '**राष्ट्रीय युवा दिवस के साप्ताहिक कार्यक्रम**' के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए। इस सप्ताहिक कार्यक्रम के अन्तर्गत एड्स जागरूकता को लेकर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा मानवीय श्रृंखला बनाकर इस असाध्य रोग के प्रति एकजुटता का संदेश दिया गया। इसी दिन 12 जनवरी, 2018 को राष्ट्रीय युवा दिवस पर एक वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. मानसिंह जी, सीनीयर मैड़िकल ऑफिसर, फरीदाबाद, श्री पंकज, सलाहकार HIV AIDS फरीदाबाद एवं श्रीचंद जी उपस्थित थे। डॉ. मानसिंह एवं श्री पंकज जी ने सभागर में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि HIV संक्रमित लोगों के प्रति सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में एड्स के कारणों और उपचारों के बारे में चर्चा की। डॉ. मानसिंह जी ने यह भी बताया कि HIV AIDS से संक्रमित लोगों की संख्या में भारत का तीसरा स्थान है। उन्होंने यह भी बताया कि इसके लिए ज़रूरी है कि जाँच किया हुआ रक्त ही इस्तेमाल किया जाना चाहिए। प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त जी ने जागरूकता बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए HIV AIDS से बचने के लिए जागरूकता तथा बचाव के नियमों का पालन करने पर ज़ोर दिया। सप्ताह भर चले विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले विजेता छात्रों को पुरस्कार डॉ. मानसिंह जी, श्री पंकज जी, श्रीचंद जी और प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत जी

द्वारा दिये गये। छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन आदि में हिस्सा लिया। इन प्रतियोगिताओं में नारा लेखन में बी.ए.–III की मनीषा प्रथम, बी.बी.ए.–I का यश लवली द्वितीय, बी.कॉम ऑनर्स की अन्जु तृतीय व बी. कॉम ऑनर्सम की मानसी मित्तल को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। पोस्टर मेकिंग में बी.एस.सी–III की दिव्या प्रथम स्थान पर, बी.कॉम.–I की प्रीती शर्मा द्वितीय स्थान पर व बी.ए.–III की मनीषा तृतीय स्थान पर एवं बी.ए.–II की शिवानी को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। निबंध लेखन में बी.ए.–III की ज्योति शर्मा प्रथम, बी.ए.–I राजेश द्वितीय, बी.बी.ए. कैम–II का शिवम सिंगला तृतीय स्थान और योगेश बी.ए.–II को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अग्रवाल महाविद्यालय में इको–फ्रैंडली कैंटीन का उद्घाटन किया गया। प्राचार्य महोदय ने इसे युवा दिवस के अवसर पर तोहफ़े के रूप में बताते हुए विद्यार्थियों को बधाई दी। महाविद्यालय के तीनों संभागों के रैड रिबन क्लब से छात्र–छात्राओं ने प्रत्येक कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. जयपाल सिंह की देखरेख में श्रीमती नेहा गोयल (समन्वयक महिला, रैड रिबन क्लब), श्रीमती त्रिमेश कालरा (समन्वयक महिला, रैड रिबन क्लब) तथा श्री देवेन्द्र जी (समन्वयक पुरूष, रैड रिबन क्लब) के द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।